पहली बार यात्रा मार्गों पर लगेंगे 50 हेल्थ एटीएम

चर्चा में क्यों?

26 मार्च, 2023 को उत्तराखंड में **चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये** पहली बार यात्रा मार्गों पर **50 हेल्थ एटीएम** लगाए जाने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग और हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज (एचपीई) के बीच एमओयू किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि चारधाम यात्रा में हेल्थ एटीएम लगाए जाने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी।
- हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के निदेशक अंकुर मल्होत्रा ने बताया कि सीएसआर के तहत चारधाम यात्रा के लिये हेल्थ एटीएम उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसमें 70 से अधिक जाँच की जा सकती हैं।
- जाँच के साथ ही हेल्थ एटीएम से टेली मेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया जा सकेगा। हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज की ओर से 24 घंटे ये सेवाएँ प्रदान की जाएंगी।
- आगामी तीन माह तक कंपनी के इंजीनियरों की ओर से हेल्थ एटीएम की देखरेख की जाएगी। 24 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसका शुभारंभ करेंगे।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि मानसखंड स्थित पवित्र स्थानों मानसरोवर यात्रा, बैजनाथ धाम, कैंची धाम, पूर्णागिरी, चितई धाम के लिये भी हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज से हेल्थ एटीएम की सुविधा प्रदान की जानी चाहिये। केदारखंड की तर्ज पर मानसखंड के लिये भी सीएसआर के तहत हेल्थ एटीएम मेडिकल कियोस्क मशीन उपलब्ध कराई जाएंगी।
- चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियाँ न हो, इसके लिये स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/for-the-first-time-50-health-atms-will-be-installed-on-travel-routes